# बिमटेक में अनुभव आधारित शिक्षा को बढ़ावा

**कार्यक्रम**

ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने जमीनी स्तर पर विकास और अनुभव आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण विसर्जन कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके उपलक्ष्य में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, उद्योग, सरकारी अधिकारियों और ग्रामीण महिलाओं को एक मंच पर लाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और आयकर आयुक्त श्वेता श्रीवास्तव रहीं। इस पहल के तहत संस्थान के 534 छात्रों के समूह ने एक एनजीओ के सहयोग से 16 गांवों का दौरा किया गया। ग्रामीण परिवेश और उनकी चुनौतियों से रूबरू होने के साथ छात्रों को सतत ग्रामीण विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण और पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने आदि के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान तीन टीमों समाउद्दीन ग्रुप 9, कलौंदा ग्रुप 1 और बील अकबरपुर ग्रुप 13 को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। बिमटेक की निदेशक डॉ. प्रवीना राजीव ने कहा कि हम अपने वर्तमान बैच को इस अनोखे अवसर से परिचित कराकर बेहद उत्साहित हैं। वर्षों से हमारे कार्यक्रम ने क्रियान्वयन योग्य सिफारिशों को बढ़ावा दिया है, ग्रामीण विकास संगठनों के साथ सहयोग को मजबूत किया है और सकारात्मक सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित किया है। यह कार्यक्रम अकादमिक शिक्षा और वास्तविक दुनिया के प्रयोगों के सामन्जस्य को बढ़ावा देने के लिए हमारे संस्थान की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ग्रामीण जीवन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों ने कई विषयों पर काम किया।



ग्रेटर नोएडा के बिमटेक कॉलेज में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं संस्थान की निदेशक डॉ. प्रवीना राजीव। • हिन्दुस्तान